चीनी उत्पादन में गिरावट जारी

15 फरवरी तक चीनी उत्पादन में 26.62 लाख टन की कमी

अमर उजाला ब्यूरो
नई दिल्ली।

चीनी के उत्पादन में गिरावट का सिलसिला जारी है। चालू चीनी सीजन (अक्तूबर-सितंबर) में गत 1 अक्तूबर से लेकर 15 फरवरी, 2017 तक 146.72 लाख टन चीनी का उत्पादन किया गया, जो पिछले साल के चीनी सीजन की समान अवधि के मुकाबले 26.62 लाख टन कम है। पिछले चीनी सीजन में 15 फरवरी तक 173.34 लाख टन चीनी का उत्पादन किया गया था।

भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) के मुताबिक, मिलों से चीनी की निकासी (डिस्पैच) में भी कमी आई है। चालू चीनी सीजन के दौरान गत अक्तूबर से लेकर इस साल 31 जनवरी तक चीनी के डिस्पैच में अक्तूबर 2015 से लेकर 31 जनवरी, 2016 के मुकाबले 7.5 लाख टन की कमी रही। इस साल जनवरी में पिछले साल जनवरी के मुकाबले चीनी का डिस्पैच 2.5 लाख टन कम रहा। पिछले साल चीनी सीजन में 248.5 लाख टन चीनी का डिस्पैच किया गया था। इस्मा के मुताबिक, चालू चीनी सीजन में चीनी का डिस्पैच 240 लाख टन रहने का अनुमान है।

चालू चीनी सीजन में 483 मिलों ने गन्ने की पेराई का काम आरंभ किया था और इनमें से 191 मिलों ने 15 फरवरी तक पेराई का काम बंद कर दिया है। इस्मा के मुताबिक, महाराष्ट्र में 80 फीसदी तो कर्नाटक में 95 फीसदी मिलों ने पेराई का काम बंद कर दिया है। इस साल 15 फरवरी तक उत्तर प्रदेश में 54 लाख टन चीनी का उत्पादन किया गया, जबकि पिछले साल 15 फरवरी तक उत्तर प्रदेश में 45.55 लाख टन चीनी का उत्पादन किया गया था। लेकिन महाराष्ट्र में इस साल 15 फरवरी तक 39.73 लाख टन चीनी का उत्पादन किया गया, जबकि पिछले साल 15 फरवरी तक महाराष्ट्र में 62.7 लाख टन चीनी का उत्पादन किया गया था। कर्नाटक में भी चालू चीनी सीजन के 15 फरवरी तक पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 12 लाख टन कम चीनी का उत्पादन किया गया।

Amar Ujala
18/2/17